हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 29 जुलाई 2025

तापमान

अधिकतम 35 .5 डिग्री
न्यूनतम 24 .5 डिग्री

11 जिले में 41 परीक्षा केंद्रों पर 24 हजार 618 परीक्षार्थी देंगे एचटेट परीक्षा



12 ननद-भाभी का हथियारों के बल पर यौन शोषण, लाखों रुपये के जेवरात की लूट



## महिला की शिकायत पर उचित कार्रवाई नहीं होने से डीएसपी चार्जशीट

# डीएसपी से तहसीलदार तक गिरा मंत्री का नजला विपुल गोयल ने ग्रीवेंस मीटिंग में दिखाए सख्त तेवर

■ मंत्री ने कोसली के तहसीलदार के खिलाफ जारी किए जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

प्रदेश के शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल ने सोमवार को हुई जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट संकेत दिए कि समय पर लोगों की शिकायतों का निपटारा नहीं करने पर तबादला होने से पीछा छूटने वाला नहीं है। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ तबादला होने के बाद भी एक्शन जरूर लिया जाएगा, जहां वह प्रदेश के किसी भी जिले में चले जाएं। उन्होंने दो परिवादों की सुनवाई करते हुए डीएसपी हेडक्वार्टर को जहां चार्जशीट करने के आदेश दिए, वहीं कोसली के तहसीलदार के खिलाफ जांच के आदेश जारी कर दिए। मंत्री के आक्रामक तेवरों ने अधिकारियों के पसीने छुड़ाने का काम कर दिया है।

ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंग में बोलते हुए विपुल गोयल ने कहा कि अगर किसी लापरवाह अधिकारी का जिले से तबादला हो जाता है, तो वह खुद को सुरक्षित समझने की भूल नहीं करे। उसके खिलाफ कार्रवाई हर हाल में होगी। एक मामले में महिला के घर में हुई छेड़छाड़ और तोड़फोड़ की शिकायत पर लापरवाही पर रेवाड़ी हेडक्वार्टर डीएसपी रविंद्र कुमार को चार्जशीट करने के आदेश दिए। महिला ने बताया कि उसके घर में चार गाड़ियों में सवार होकर 20-22 लोग आए थे। उसके घर में तोड़फोड़ हुई। परिवार की महिला सदस्यों के साथ छेड़छाड़ की। डीएसपी केस के मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रहे। डीएसपी ने कहा कि आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाद में गिरफ्तारी की बात झूठी निकली तो मंत्री विपुल गोयल गुस्सा हो गए। मंत्री ने कहा कि इन्हें केस से हटाओ और और चार्जशीट करने के आदेश दे दिए। केस की जांच अब स्वयं एसपी हेमेंद्र मीणा करेंगे।

### संयुक्त कमेटी बनाकर जांच के आदेश

राजस्व मंत्री विपुल गोयल ने बैठक में गुलशन निवासी यादव नगर के दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के मामले की सुनवाई की। परिवादी गुलशन कुमार ने उनकी समस्या का निवारण होने पर राजस्व मंत्री सहित जिला प्रशासन व विभाग का धन्यवाद किया। वीरेंद्र व सभी सनसिटी निवासियों की एचएसवीपी से संबंधित परिवाद की सुनवाई करते हुए सनसिटी वासियों की पेयजल से संबंधित शिकायत पर शहरी मंत्री ने कड़ा संज्ञान लेते हुए संबंधित डेवलपर्स को 300 टीडीएस तक की मात्रा के पानी की आपूर्ति घरों तक पहुंचाने के आदेश दिए और इस संदर्भ में जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी नियमानुसार कार्रवाई में नहीं होगी देर मंत्री ने अभियंता व डीटीपी की संयुक्त कमेटी बनाकर जांच करने के निर्देश दिए। शहरी निकाय मंत्री ने कहा कि यदि डेवलपर्स द्वारा निर्धारित मापदंडों अनुरूप जलापूर्ति नहीं की जाती तो कानूनी कार्यवाही की जाए। राजस्व मंत्री ने कहा कि आमजन से जुड़ी योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियांवयन करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। ऐसे में यदि कोई अधिकारी जिम्मेवारी में किसी भी रूप से लापरवाही बरतता है तो उस पर नियमानुसार कार्रवाई करने में सरकार पीछे नहीं रहेगी। बैठक में एचएसवीपी, बिजली वितरण निगम, भूमि अधिग्रहण, एसडीएम कोसली, जिला रजिस्ट्रार कोआपरेटिव सोसायटी, नगर परिषद, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, पुलिस विभाग, नगर परिषद, नगराधीश, एसडीएम कोसली कार्यालय से संबंधित परिवादों की सुनवाई की गई।







रेवाड़ी। ग्रीवेंश कमेटी की बैठक में लोगों की शिकायत सुनते विपुल गोयल, ग्रीवेंश कमेटी की बैठक मंत्री को शिकायत बताती महिला, बैठक में अपनी समस्या रखते हुए महिला।

### बैठक में तीनों विधायक रहे मौजूद

इस अवसर पर विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, बावल से विधायक डा. कृष्ण कुमार, कोसली से विधायक अनिल यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली, डीसी अभिषेक मीणा, एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा, एडीसी राहुल मोदी, एसडीएम सुरेश कुमार, एसडीएम बावल मनोज कुमार, एसडीएम कोसली विजय कुमार यादव, डीएमसी ब्रह्मप्रकाश, सीटीएम जितेंद्र कुमार व डीएसपी डा.रविंद्र सहित सभी विभागाध्यक्ष मौजूद थे।

### पिछली बैठक में भी तहसीलदार हुए थे चार्जशीट

पिछली बैठक में भी रेवाड़ी के तत्कालीन तहसीलदार को चार्जशीट करने के निर्देश दिए थे। कंकरवाली रोड स्थित जोहड़ की पैमाइश चार महीने तक लंबित रखने पर तत्कालीन तहसीलदार श्रीनिवास को मंत्री विपुल गोयल ने चार्जशीट करने के निर्देश दिए गए थे। मंत्री ने कहा कि इतनी देर तक रिपोर्ट नहीं देना गंभीर लापरवाही है और नियम 7 के तहत कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने सख्त लहजे में यह भी कहा कि ऐसी लापरवाही पर किसी को भी सस्पेंड करने में दो मिनट भी नहीं लगेंगे।

## खबर संक्षेप

### अप्रवासी महिला श्रमिक की संदिग्ध हालत में मौत

**धारूहेड़ा।** नंदरामपुर बास गांव में खेतों में काम करने के लिए आई यूपी की अप्रवासी महिला श्रमिक की रविवार की रात संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस ने शव का सामान्य अस्पताल से पोस्टमार्टम करा दिया। यूपी के कादोन गांव की महिला कमलेश देवी अन्य श्रमिकों के साथ नंदरामपुर बास निवासी रावत यादव के खेतों में काम करने के लिए आई हुई थी। श्रमिकों के रुकने की व्यवस्था खेत में ही की हुई थी। रात को कमलेश खाना खाने के बाद वह सो गई थी। सुबह जब वह देर तक नहीं उठी, तो उसके साथ आए श्रमिकों ने उसे उठाने का प्रयास किया। वह बिस्तर में मृत पड़ी हुई थी। रावत ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर शव को कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। बाद में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके साथी श्रमिकों के हवाले कर दिया। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा।

### घंटों बिजली गुल रहने से लोग परेशान

**बावल।** क्षेत्र के कई गांवों में घंटों बिजली गुल रहने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विजय, सुरेंद्र, हरीश, दिनेश व रामकिशन आदि ने बताया कि क्षेत्र के गांवों में रात के समय घंटों बिजली गुल रहती है। इससे भारी गर्मी के मौसम में लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि निगम के अधिकारी और कर्मचारी उनके फोन तक अटैंड नहीं करते। लोगों ने बिजली मंत्री अनिल विज से समस्या के समाधान की मांग की है।

### कार की टक्कर से युवक घायल

**बावल।** टांकड़ी मोड़ के पास कार की चपेट में आने से एक बाइक चालक घायल हो गया। पुलिस बयान में अरनावट निवासी कुलदीप ने बताया कि वह बाइक लेकर किसी काम से सब्जी मंडी जा रहा था। साबन मोड़ के पास एक कार चालक ने सड़क किनारे चल रहे युवक को टक्कर मारने के बाद उसकी बाइक को साइड मार दी। इससे वह बाइक से गिरकर घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद कार चालक की तलाश शुरू कर दी।

### हादसे का आरोपी वाहन चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने 7 जुलाई को सड़क हादसे को अंजाम देने के बाद फरार हुए वाहन चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एक वाहन ने बीरहड़ निवासी संजीत की बाइक को टक्कर मार दी थी। वह बाइक लेकर कंपनी जा रहा था। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद बस चालक की तलाश शुरू की थी। पुलिस ने यूपी के कनोरी निवासी अब्दुल को इस मामले में गिरफ्तार करने के बाद बेल पर छोड़ दिया।

### युवकों की मौत से दो गांवों में मातम

**रेवाड़ी।** सोमवार को दोस्तों के साथ महेंद्रगढ़ के निकट नहर में डूबकर हुई दो युवकों की मौत से जिले के दो गांवों में मातम छा गया। मनेठी निवासी हिमांशु और कोलाना निवासी प्रवीण दोनों बाइक लेकर घर से निकले थे। वह अन्य दोस्तों के साथ महेंद्रगढ़ की ओर निकल गए। सुरजनवास गांव के पास नहर में नहाते समय दोनों पानी के तेज बहाव में बह गए, जिससे उनकी मौत हो गई। सोमवार को दोनों शवों को उनके गांवों में लाया गया, गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## बीबीए, बीकॉम व एमएससी केमेस्ट्री में 20 प्रतिशत सीटों की वृद्धि की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में सोमवार को इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में विभिन्न कोर्सों में पढ़ रहे छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति असीम मिगलानी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बीबीए, बीकॉम एवं एमएससी केमेस्ट्री जैसे पाठ्यक्रमों में 20 प्रतिशत सीटों की वृद्धि करने की मांग की गई। अभाविप इकाई मंत्री हेमंत गोयल ने बताया कि इन कोर्सों में सीमित सीटों के कारण बड़ी संख्या में योग्य विद्यार्थी प्रवेश से वंचित रह जाते हैं। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छात्रों के लिए यह एक गंभीर समस्या बन जाती है, उन्हें अन्य विश्वविद्यालयों का रुख करना पड़ता है। अभाविप जिला संयोजक तरुण यादव ने बताया कि विश्वविद्यालय की सुविधाएं, इंफ्रास्ट्रक्चर और फैकल्टी क्षमता इतनी है कि सीटों में 20 प्रतिशत की वृद्धि करने पर भी शिक्षा की गुणवत्ता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और सीटों की वृद्धि से अधिक से अधिक विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा का लाभ मिलेगा। छात्रों ने कुलपति से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की। इस मौके पर जिला संगठन मंत्री परमिंदर सैनी, रेवाड़ी नगर मंत्री आयशा यादव, आकाश, आशीष, हंस व कपिल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।



रेवाड़ी। कुलपति को ज्ञापन सौंपते हुए एबीवीपी कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

## डिलीवरी के बाद महिला ने तोड़ा दम, अंतिम संस्कार की थी तैयारी, पोस्टमार्टम के लिए वापस लाए शव

■ अस्पताल प्रशासन ने मेडिकल बोर्ड से कराया शव का पोस्टमार्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सामान्य अस्पताल में प्रसूती के लिए दाखिल हुई महिला की स्वस्थ बच्चे को जन्म देने के कुछ समय बाद ही मौत हो गई। परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए घर ले गए, परंतु बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल लाया गया। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। अस्पताल प्रशासन ने महिला की मौत के कारणों की जांच कराने का निर्णय लिया है। भटसाना निवासी मोनिका देवी को लेबर पेन होने के कारण रविवार को सामान्य अस्पताल में दाखिल कराया गया था। रात को नॉर्मल डिलीवरी से मोनिका ने लड़के को जन्म दिया। लगभग एक घंटे बाद मोनिका को सांस लेने में दिक्कत आई। डॉक्टरों ने उसका उपचार शुरू किया, लेकिन उसकी मौत हो गई। उसे तीसरी संतान के रूप में बेटा पैदा हुआ था। परिजन पहले सामान्य मौत मानते हुए शव को अंतिम संस्कार के लिए घर ले गए थे। ग्रामीण, परिवार के सदस्य और रिश्तेदार भी अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान अस्पताल प्रशासन की ओर से मौत के कारणों की जांच के लिए पोस्टमार्टम कराने का निर्णय लिया गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर परिजनों को शव का अंतिम संस्कार करने से पूर्व पोस्टमार्टम कराने की सलाह दी। इसी बीच परिजनों ने भी मोनिका की मौत के लिए डॉक्टरों को जिम्मेदार ठहराना शुरू कर दिया। उसके देवर ने आरोप लगाया कि डिलीवरी के बाद दो बार मोनिका की तबियत खराब हुई, सूचना देने के बावजूद उपचार के लिए समय पर डॉक्टर नहीं आए। सोमवार को शव सामान्य अस्पताल लाया गया, मेडिकल बोर्ड ने पोस्टमार्टम किया। बाद में शव परिजनों को सौंप दिया गया।



रेवाड़ी। पीएमओ से मिलते मृतक महिला के परिजन। फोटो :हरिभूमि

### मौत के कारणों का पता लगाना जरूरी

महिला की सामान्य डिलीवरी हो गई थी। लगभग एक घंटे बाद उसे सांस लेने में दिक्कत आई। इसके बाद उसकी मौत हो गई। विभाग के लिए डिलीवरी के समय महिला की मौत की जांच कराना जरूरी होता है, इसलिए परिजनों को शव का पोस्टमार्टम कराने की सलाह दी गई। मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। अगर किसी तरह की कोई लापरवाही सामने आती है, तो इस मामले में विभागीय कार्रवाई की जाएगी। रिपोर्ट तैयार करने के बाद डीसी व मुख्यालय को भेजी जाएगी।

-डा. सुरेंद्र यादव, पीएमओ।

### दीपिका अग्रवाल रेवाड़ी विधानसभा महिला कार्यकारी उपाध्यक्ष नियुक्त



**रेवाड़ी।** अग्रवाल वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष नवीन सिंघल ने दीपिका अग्रवाल को रेवाड़ी विधानसभा महिला कार्यकारी उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर दीपिका अग्रवाल ने प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला, प्रदेश महिला अध्यक्ष सुशीला सर्राफ, प्रदेश महिला सचिव संतोष जैन, जिला अध्यक्ष नवीन सिंघल व रेवाड़ी विधानसभा महिला अध्यक्ष सुनीता अग्रवाल जी का आभार जताया है। उन्होंने वैश्य समाज को आगे बढाने, वैश्य समाज की एकजुटता के लिए कार्य करने, समाज के लोगों को संगठित करने और अग्रवाल वैश्य समाज से वैश्य समाज के लोगों को जोड़ने का आश्वासन दिया। उनकी इस नियुक्ति पर अग्रवाल वैश्य समाज महिला अध्यक्ष, प्रदेश युवा प्रवक्ता नीतेश अग्रवाल, रेवाड़ी विधानसभा अध्यक्ष रामकिशन अग्रवाल, महिला उपाध्यक्ष रेखा अग्रवाल, महिला सचिव सपना कुमारी अग्रवाल, विधानसभा महिला सह सचिव आशा मंगला, विधानसभा संगठन मंत्री यशोदा बंसल, अग्रवाल वैश्य समाज के सदस्य शशि बंसल, पूजा गुप्ता, मीनाक्षी गोयल, मनु मंगला, सरला अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, सीमा खण्डेलवाल, प्रिया गोयल, निर्मला अग्रवाल, रजनी जैन, उषा रस्तोगी, रजनी गुप्ता, प्रवीण बंसल, हिमांशु सिंघल, सुनील अग्रवाल, एडवोकेट अनिल गुप्ता, ललित भूषण गुप्ता, संजय सिंघल, प्रवीण, हिमांशु सिंघल, मनोज कुमार गुप्ता, शुभम अग्रवाल, आयुष गुप्ता, अशोक, विनय बंसल व मोहित सिंघल ने बधाई दी है।

## ब्रेक लगाने से ट्रक में घुसा दूसरा ट्रक, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर निखरी कट के पास रविवार की रात एक ट्रक के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे चल रहा ट्रक उसमें घुस गया। इस हादसे में पीछे चल रहे ट्रक के चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। हादसे के बाद हाइवे पर काफी देर तक यातायात भी बाधित रहा। राजस्थान के खेड़ी निवासी बुधराम बुड़ौली निवासी रविदत्त के ट्रक पर चालक था। वह रात को ट्रक लेकर दिल्ली की ओर जा रहा था। निखरी कट के पास आगे चल रहे ट्रक के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे बुधराम को ट्रक आगे वाले ट्रक में घुस गया। वह ट्रक की केबिन में बुरी तरह फंस गया। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर लोगों की मदद से बुधराम को ट्रक की केबिन से बाहर निकालने के बाद अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया।

### हाइवे पर लगा हादसे के बाद जाम

हादसे के बाद दोनों ट्रक हाइवे पर खड़े हो गए। इससे नेशनल हाइवे बाधित हो गया। काफी देर तक हाइवे पर लंबा जाम लगा रहा। बाद में पुलिस ने क्रेन की मदद से दोनों ट्रकों को हटवाया गया, यातायात सुचारू हो सका। ब्रेक लगाने वाले ट्रक का चालक हादसे के बाद मौके से फरार होने में कामयाब हो गया।



रेवाड़ी। अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार आरोपी। फोटो :हरिभूमि

### अवैध देशी पिस्टल के साथ एक आरोपी काबू

**धारूहेड़ा।** सीआईए धारूहेड़ा ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला खैरथल के गांव पहाडवास निवासी प्रदीप कुमार के रूप में हुई है। गत 27 जुलाई को सीआईए धारूहेड़ा को सूचना मिली थी कि प्रदीप कुमार निवासी गांव पहाड़वास जिला खैरथल राजस्थान के पास अवैध हथियार है तथा रेवाड़ी से धारूहेड़ा रोड पर मसानी अड्डे से पहले शमशान घाट के पास खड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस ने आरोपी का काबू कर लिया। आरोपी की तलाशी लेने पर 1 अवैध देशी पिस्टल बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफशस्त्र अधिनियम तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए दो दिन के रिमांड पर लिया है।

## एक सप्ताह तक इसी तरह बना रह सकता है मौसम, आज से फिर बारिश होने की संभावना

# आसमान में छाई रहीं काली घटाएं, गर्मी ने जमकर छुड़ाए पसीने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सावन माह के अंतिम दिनों में आसमान में काली घटनाएं तो छा रही हैं, परंतु बादल बिना बरसे लौट जाते हैं। कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी होती है, जिससे भारी उमस लोगों को जमकर परेशान कर रही है। लगभग एक सप्ताह तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। इस दौरान अच्छी बारिश होने की संभावना भी जताई जा रही है। सोमवार को सुबह से आसमान में आंशिक बादल छाए रहे। दोपहर तक बादल साफ होने के बाद तेज धूप निकली। शाम के समय एक बार फिर से काली घटाएं छा गईं। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री की वृद्धि के साथ 35.5 डिग्री पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 24.5 डिग्री दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 73 फीसदी रहा, जबकि हवा की रफ्तार 6 किमी प्रति घंटा रही। दोपहर तक तेज धूप के चलते वातावरण में उमस बन गई। उमस भरी गर्मी ने लोगों का जमकर पसीना छुड़ाया। उमस के चलते कूलरों की हवा भी बेअसर बनी रही। शाम तक भारी गर्मी से लोग पसीना-पसीना होते रहे। शाम को आसमान में बादल गहराने के बाद मौसम का मिजाज कुछ हद तक ठंडा पड़ गया। मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह भी मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिलेगा।

इस दौरान हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना भी जताई जा रही है। अच्छी बारिश होने तक उमस भरी गर्मी इसी तरह परेशान करती रहेगी।



रेवाड़ी। सोमवार शाम को छाए बरसात के बादल। फोटो :हरिभूमि

### आज से अच्छी बरसात की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह में अच्छी बरसात होने की संभावना है, जो अगले दो-तीन दिन तक रुक-रुककर जारी रह सकती है। लगभग एक सप्ताह तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। इस दौरान मध्यम से भारी बारिश तक हो सकती है। अच्छी बारिश के बाद दिन के तापमान में कमी आने की संभावना है, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से कुछ हद तक राहत मिल सकेगी। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार यह मौसम कपास और बाजरा दोनों फसलों के लिए लाभदायी साबित हो रहा है। दोनों फसलों का इस मौसम में तेजी से विकास हो रहा है, जिससे फसल उत्पादन भी अच्छा होने की संभावना है। लगभग 90 हजार हेक्टेयर भूमि पर इस साल किसानों ने बाजरे की बिजाई की हुई है।



विशेष : मित्रता दिवस
3 अगस्त

सावन में सहेलियों का साथ एक अलग तरह की खुशी देता है। सहेलियां मिलेंगी तो पुरानी यादों का झरोखा भी खुलेगा, ठंडी हवा की तरह तन-मन को पुलकित करेगा। सहेलियों का मिलते रहना बहुत जरूरी है, यह जीवन की नीरसता को छांटता है, भीतर उत्साह-उमंग भरता है, ऊर्जावान बनाता है। एक तो सावन, ऊपर से मित्रता दिवस का अवसर हो तो अपने मैत्री भाव की पेंगे जरूर भरिए।

# सहेलियों का ना बिसरने वाला मैत्री भाव

आवरण कथा
मोनिका शर्मा

सावन की रिमझिम में हर स्त्री का मन अपनी सखियों को याद करता है। इस हरियल मौसम में उनका दिल उम्र के कुछ पड़ाव पीछे चला जाता है। आज की आपा-धापी में सखियों संग खिलखिलाती कल के दौर की एक लड़की स्त्रीमन में दस्तक देती है। भूला-सा कुछ स्मरण हो आता है। स्नेह के सरस भाव से बंधी डोर कुछ प्यारे लम्हों को दिलो-दिमाग में बांध लेती है। अनुभूतियां ठहर-सी जाती हैं। जो संग-साथ के अनमोल पलों को याद करने की ओर मोड़ती हैं। साथ ही यह भी याद दिलाती हैं कि जीवन के हर दौर में सहेलियों का साथ जरूरी है। अपने करीबी रिश्तों-नातों से परे मन से जुड़ने वाले चेहरों संग प्रेमिल भावों को पोसने की सोच हमेशा रखनी चाहिए। ऐसे भाव जीवन से जोड़ते हैं और सदा जोड़े रखते हैं।

## स्मृतियों का सुख

असल में स्मृतियों का अपना सुख है। सहेलियों के साथ बीते समय का अपना आनंद है। यादों में दस्तक देती दोस्ती, चेहरे पर मुस्कुराहट ले आती है। आंखों में एक स्नेहपूरित चमक उतरने लगती है। मुस्कुराहटों के साझेपन का उल्लास सावन में झरती बूंदों सा आंखों से बहने लगता है। साथ झूला झूलने वाली सहेलियां, तीज-त्योहार साथ मनाने वाली सखियां भी याद



आती हैं। सहपाठी सहेलियों के साथ जीए आत्मीय पल और बचपन की खिलखिलाहट फिर लौट आती है। आखिर जीवन के सबसे प्यारे पड़ाव पर एक दूजे को चिढ़ाना और शरारतें करना, अपना मन कैसे भूल सकता है? मायके की यादों वाली पोटली में एक हिस्सा तो सहेलियों का ही होता है। औपचारिकताओं से परे यह सुख आत्मा की गहराई से जुड़ा



होता है। तभी तो संजीवनी बन हमेशा मन को पोषण देता स्त्रियों का मैत्री भाव, पारिवारिक संबंधों से भी बढ़कर होता है। दुनियावी रीत निभाते हुए सखियों के रास्ते अलग हो जाते हैं। घर-बार बसाने के लिए सबकी अपनी-अपनी राह होती है। शहर क्या देश तक बदल जाते हैं। हां, वे मित्रता की अनमोल निधि को अपने साथ लाना नहीं भूलतीं। नए संसार में कभी ना रीतने वाले इसी खजाने से निकले खुशियों के पल उनके सहभागी होते हैं।

## समाज से जुड़ा सखी भाव

स्त्रियों की संवेदनाएं स्वयं तक ही सिमटकर नहीं रहतीं। अपनी सखियों संग बना निश्छल नेह के नाते का यह जुड़ाव व्यक्तिगत चाहतों से ही नहीं, समाज-परिवार के दायित्वों से भी जुड़ा होता है। मेलजोल के समय उनकी बातों में परिवेश की चिंता भी होती है। कई स्त्रियां तो समाज की साझी समस्या का हल तलाशने के दौर में ही सहेली बनती हैं। उनका मन ही नहीं, विचार भी मिलते हैं। तर्क से ज्यादा भावनाओं के धरातल पर जीवन जीना हर स्त्री का नैसर्गिक गुण होता है। बस, मन जुड़ गया तो जुड़ गया। मित्रता के मार्ग में महिलाओं का मन नाप-तौल कर डग नहीं भरता। खुशी, उत्साह और उमंग समेटने का भाव सबसे ऊपर होता है। एक-दूजे के जज्बातों को समझना सबसे अहम होता है। शिकायतों के पुलिंदे भी अधिकार से खोले जाते हैं। स्त्रियों की दोस्ती के इंद्रधनुष में इंसानी जीवन का सतरंगी अंदाज पूरी ठसक से मौजूद रहता है।

## तकनीकी से जुड़ते मन के तार

आभासी संसार ने पीछे छूटी अनुभूतियों से जोड़ने का काम किया है। तकनीकी मंचों पर अपनी खोई सखियों को ढूंढकर स्त्रियां बच्चों सी खिलखिलाती हैं। मानो खुद से ही फिर मुलाकात हुई हो। स्थिर से हो चले जीवन में एक हलचल सी महसूस होती है। भाव-विभोर हो अपने बच्चों, अपनी सखियों की तस्वीरें दिखाती हैं। समय के साथ बदलावों को लेकर कभी हैरान होती हैं तो कभी संयत हो जीवन के उतार-चढ़ाव के विषय में सोचने लगती हैं। जैसे मुड़कर देखती हों, ठहर कर सोचती हों। भूला-बिसरा सा फिर कुछ समेट लेना चाहती हों। उस दौर की बेरोक-टोक सी उजली हंसी अपने पल्लू की गांठ



में बांध लेना चाहती हों। उसी आंगन में जाकर चहकना चाहती हों, जहां उनका बचपन बीता। बचपन, जिसका सबसे अहम हिस्सा तो सहेलियों के संग जिए लम्हे ही रहे। कितने सावन और वसंत इस यात्रा का हिस्सा रहे। वर्षों बाद आभासी संसार में जुड़ने भर से यह लगाव-चाव मन पर मौसम की घटाओं की तरह छाने लगता है। यह हमें आह्लादित कर देता है। ❁

# बच्चों के लिए भी जरूरी है दोस्ती



बच्चे हों या बड़े, हर किसी के जीवन में दोस्त बहुत मायने रखते हैं, दोस्ती का बहुत महत्व होता है। दोस्त बनाने की कला, उनकी महत्ता को समझने और पूरी गंभीरता से दोस्ती निभाने का पाठ बच्चे अपने घर-परिवार से ही सीखते हैं। इसलिए सभी पैरेंट्स को इस बारे में कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

परवरिश
सरस्वती रमेश

यह सही है कि बड़ों से अलग बच्चों की अपनी मासूम और प्यारी सी दुनिया होती है। इसमें घर-परिवार के सदस्यों के अलावा स्कूल में उनके संग पढ़ने वाले और आस-पड़ोस के दूसरे बच्चे भी शामिल होते हैं। यही उनके दोस्त बनते हैं, जिनके साथ वे खेलते हैं, खाते हैं, पढ़ते हैं, मस्ती करते हैं। कभी-कभी एक-दूसरे से रूठ जाते हैं फिर मनाते भी हैं। बच्चों की ये दोस्ती बहुत प्यारी होती है। बच्चे दोस्ती के मूल्य को समझें और उसे भावी जीवन में अच्छी तरह निभाएं, इसके लिए शुरुआत से ही पैरेंट्स को कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

**बच्चे की भावनाओं को समझें:** कई पैरेंट्स बच्चों की दोस्ती की भावना को लेकर गंभीर नहीं होते हैं। इससे उनके कोमल मन को चोट लग सकती है। जैसा राजू के साथ हुआ। दरअसल, राजू और सोनू बेस्ट फ्रेंड हैं। सोनू की बर्थ-डे पार्टी में जाने के लिए राजू कई दिनों से बहुत उत्साहित था। सोनू का घर राजू के घर से कुछ दूरी पर है, इसलिए वह अकेला नहीं जा सकता था। सोनू के बर्थ-डे पार्टी वाले दिन राजू ने अपनी मम्मी से सोनू के घर पहुंचाने के लिए कहा। लेकिन उसकी मम्मी ने मना कर दिया क्योंकि उन्हें पड़ोस में किटी पार्टी में जाना था। अपने बेस्ट फ्रेंड की बर्थ-डे पार्टी में न जा पाने से राजू बहुत उदास हो गया। उसने अपने हाथों से सोनू को गिफ्ट देने के लिए प्यारा सा ग्रीटिंग कार्ड भी बनाया था। यह बात आपको छोटी सी लग सकती है लेकिन समझने वाली बात यह है कि बचपन की ऐसी मासूम दोस्ती से बच्चों का गहरा जुड़ाव होता है। यह जुड़ाव उनके भीतर भावनाओं और आपसी संबंधों के बीज बोता है। ये छोटी-छोटी खुशियां ही उनके मानसिक विकास और व्यक्तित्व निर्माण की पूंजी होती हैं। उन्हें इन खुशियों से महरूम करना ठीक नहीं। उन्हें दोस्तों के घर आने-जाने दें, उन्हें एक-दूसरे की खुशियों में शामिल होने दें। इससे आगे चलकर भी वे दोस्ती की महत्ता समझेंगे, उन्हें सामाजिकता का बोध होगा।

**साथ खेलने दें:** बच्चों की सबसे ज्यादा दोस्ती खेलने के दौरान ही होती है। लेकिन कुछ पैरेंट्स अपने बच्चों को हर समय घर के भीतर ही रखते हैं। उन्हें बच्चों के कपड़े, जूते या हाथ गंदे होने और फिर बीमार होने या गलत सोहबत में पड़ने का भय सताता है। यह नहीं भूलना चाहिए कि बच्चे साथ खेलने से परिवार के बाहर के लोगों से आत्मिक व्यवहार करना सीखते हैं। उनके साथ तालमेल बैठाना, बातचीत करना, शेयर करना, हारना-जीतना और छोटे-मोटे विवाद को निपटाना भी बच्चे दोस्तों के संग खेलने के दौरान ही सीखते हैं। ये सब बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी होता है।



**प्यार से समझाएं:** अकसर बच्चे खेलते-खेलते आपस में झगड़ भी पड़ते हैं। ऐसी स्थिति में बच्चे को दोस्त और दोस्ती के महत्व को प्यार से समझाना चाहिए, उनके बीच फिर से मेल कराने का प्रयास करना चाहिए। पुरानी बातों को याद दिलाकर अपने बच्चे के उस दोस्त की अच्छाइयों को बताना चाहिए। भूलकर भी बच्चों के आपसी विवाद में उनके पैरेंट्स से शिकायत नहीं करनी चाहिए और ना ही उनके घर झगड़ने जाना चाहिए।

**मदद करना भी सिखाएं:** अगर आपका बच्चा आपको बताता है कि उसका कोई दोस्त कई दिनों से स्कूल नहीं आ रहा है तो पता करने की कोशिश कीजिए कि क्या बात है? हो सकता है वो बीमार हो या उसके घर में कोई परेशानी आ गई हो। संभव हो तो अपने बच्चे के साथ उसके घर जाइए। अगर वो बीमार है तो इसका मतलब है स्कूल में पढ़ाए जाने वाले उसके चैप्टर छूट रहे होंगे। ऐसे में आप अपने बच्चे को प्रेरित करिए कि ठीक होने पर कोर्स पूरा करने में वह अपने दोस्त की जरूर मदद करे। इससे बच्चा समझेगा कि संकट के समय अपने दोस्तों की हर संभव मदद करनी चाहिए। ❁

जब मौका हो फ्रेंडशिप-डे का तो आप अपनी सबसे प्यारी सहेली को कुछ यूनिक और स्पेशल गिफ्ट जरूर देना चाहेंगी। इस बार कुछ ऐसा दें, जो स्टाइलिश हो और आपकी फ्रेंड को स्पेशल भी फील कराए। जानिए, गिफ्ट के कुछ ऐसे ही यूनिक आइडियाज।

# बेस्ट फ्रेंड को दें स्पेशल गिफ्ट

आइडिया
श्वेता आयंगर



उपहार हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति का माध्यम होता है। कई मौकों पर हम उपहार के जरिए ही अपनी भावनाओं को प्रकट कर पाते हैं। तो फिर आने वाले फ्रेंडशिप-डे पर अपनी बेस्ट फ्रेंड से दोस्ती के अनमोल रिश्ते को और भी मजबूत बनाने के लिए आप कुछ खास उपहार देकर इस दिन को यादगार बना सकती हैं। जरूरी नहीं आपका गिफ्ट बहुत कीमती हो, लेकिन उसमें आपकी दोस्ती की फीलिंग झलकनी चाहिए।

**संजोकर दें खूबसूरत यादें:** आप अपनी फ्रेंडशिप पीरियड की यादें जैसे बचपन, स्कूल, कॉलेज, साथ में बिताए पलों से जुड़ी तस्वीरें लेकर उनका सुंदर-सा कोलाज बनाकर या वीडियोज बनाकर अपनी फ्रेंड को तोहफे के रूप में दे सकती हैं। ये यादें आपकी सहेली के लिए बेहद खास होंगी। इसके अलावा पर्सनलाइज्ड फोटो क्लॉक, डिजिटल फोटो फ्रेम, मेमोरी बुक या पिक्टोरियल मग आदि भी दे सकती हैं। हालांकि ये काफी पॉपुलर हैं लेकिन आपकी फ्रेंड को स्पेशल फील कराएंगे।



**हुनर से सजा दें गिफ्ट:** अगर आप थोड़ी क्रिएटिव हैं तो आप अपने हाथों से अपनी सहेली के लिए कार्ड, ब्यूटीफुल बैंड्स, रेजिन आर्ट की-चेन या कोस्टर आदि बनाकर उन्हें दे सकती हैं या अगर आप कुकिंग में एक्सपर्ट हैं तो उसकी पसंद की कोई डिश अपने हाथों से बनाकर खिला सकती हैं। अगर आपको कढ़ाई-बुनाई अच्छी तरह आती है, तो प्यारा सा स्टॉल, स्कार्फ, एक रूमाल का सेट (जिस पर दोस्त के नाम का पहला अक्षर उकेरा हो) भी डिजाइन करके दे सकती हैं। माना यह काफी पुराने तरीके हैं, लेकिन आज भी पसंद किए जाते हैं। क्योंकि इस तरह के तोहफे आपकी दोस्ती के रिश्ते को और प्यारा-अटूट बना देंगे।

**दे सकती हैं एसेसरीज:** फ्रेंडशिप-डे पर अपने फ्रेंड को गिफ्ट में एसेसरीज देना भी अच्छा ऑप्शन है। आप अपनी बेस्ट फ्रेंड को कुछ अट्रैक्टिव-स्टाइलिश एसेसरीज गिफ्ट में देना चाहती हैं तो आप कुछ अलग तरह के एसेसरीज को चूज करें। इसमें आप फ्रेंडशिप बैंड्स, ब्रेसलेट, ईयर रिंग्स, लॉकेट, पेंडेंट, बेल्ट, पर्स, बैग्स, हेयर एसेसरीज आदि गिफ्ट के तौर पर दे सकती हैं। ये आजकल स्टाइल स्टेटमेंट भी माने जा रहे हैं। इन्हें आपके फ्रेंड्स डेली यूज से लेकर पार्टी जैसे ऑकेजन में भी आसानी से कैरी कर सकते हैं। वहीं इनमें खास बात यह भी है कि इन एसेसरीज की डिजाइन को आप अपने दोस्त की पसंद के अनुसार भी कस्टमाइज करवा सकती हैं। यकीन मानिए, इस तरह के तोहफे आपके फ्रेंड को बहुत पसंद आएंगे।

**प्रेम भरी पाती:** आपके बेस्ट फ्रेंड के लिए सबसे अच्छा उपहार यह भी हो सकता है कि आप उसके लिए अपने मन की बात, कविता, फ्रेंडशिप से जुड़ी यादें, सब कुछ एक लैटर में लिखकर दे सकती हैं। आजकल मार्केट में कई तरह के खूबसूरत वुडेन लेटर होल्डर भी मिलते हैं। जिस पर नक्काशी किए हुए स्टैंड में एक खाली लैटरनुमा शीट होती है। यह खुशबूदार होता है। इस पर आप अपने दोस्त को संदेश लिखकर दे सकती हैं। इसके अलावा प्यारे बॉक्स भी आते हैं, जिसमें आप लैटर रखकर अपने फ्रेंड को दे सकती हैं। इसे देखकर आपके दोस्त के चेहरे पर मुस्कान आ जाएगी। मोबाइल और इंटरनेट के इस युग में आपका दिया इस प्रकार का प्यारा और भावनाओं से भरा तोहफा यकीनन आपके दोस्त का दिल छू लेगा। ❁

(एसेसरीज एक्सपर्ट राही महेश्वरी से बातचीत पर आधारित)

# प्यारे दोस्तों के लिए अट्रैक्टिव फ्रेंडशिप बैंड्स

ट्रेंड
श्रुति

बदलते ट्रेंड के साथ फ्रेंडशिप बैंड्स भी बदलते जा रहे हैं। अब इन बैंड्स में कई लेटेस्ट वैरायटीज भी अवेलेबल हैं, जो काफी अट्रैक्टिव लगती हैं। आप इनमें से कोई भी अपने प्यारे फ्रेंड के लिए चुन सकती हैं। मार्केट में खूबसूरत फ्रेंडशिप बैंड्स की ढेरों वैरायटी देखने को मिल रही हैं। इनमें सिंपल से लेकर डिजाइनर लुक तक की बड़ी रेंज मौजूद हैं। इन्हें फ्रेंडशिप के अलावा नॉर्मल डेज में भी बांधा जा सकता है।

**थ्रेड बैंड्स:** सबसे क्लासिक और इमोशनल टच वाला बैंड माना जाता हैं थ्रेड फ्रेंडशिप बैंड। थ्रेड वाले क्रोशिए के ब्रांडेड फ्रेंडशिप बैंड्स आउट ऑफ फैशन नहीं होते। थ्रेड्स को अलग-अलग रंगों में नॉट करके ब्रेडेड स्टाइल दी जाती हैं। इनमें आपको ढेरों कलर और डिजाइन की वैरायटी मिल जाएगी। वैसे आजकल मल्टीकलर थ्रेड बैंड्स, सिंगल कलर क्लासिक स्टाइल, ट्राइबल थ्रेड बैंड्स काफी ट्रेंड में हैं।



**चार्म ब्रेसलेट स्टाइल बैंड्स:** चार्म बैंड्स युवा महिलाओं और कॉलेज गोइंग गर्ल्स के बीच बहुत ज्यादा पॉपुलर हैं। चार्म बैंड्स एक तरह के फ्रेंडशिप ब्रेसलेट होते हैं, जिनमें छोटे-छोटे मेटल, बीड या एक्रेलिक आइकन या फिगर लटकाए जाते हैं जैसे म्यूजिक नोटबुक, बटरफ्लाई मून, कॉफी कप, एनिमल, स्टार, कोट्स, एविल आई, लॉक-की, हार्ट या इंस्पायरिंग वर्ड आदि। इन्हें लकी चार्म माना जाता है। हर चार्म का कोई न कोई मतलब होता हैं। इन्हें एथनिक और इंडो वेस्टर्न दोनों स्टाइल की ड्रेस के साथ मैच किया जा सकता हैं। ये बैंड्स, लेयर्ड चेन या सिल्वर कंगन के साथ भी अच्छे लगते हैं। इस तरह के बैंड्स में, इनिशियल और मल्टी लेयर चार्म बैंड्स काफी ट्रेंड में हैं। इसमें एक नहीं बल्कि चार-पांच चार्म फिगर लगे होते हैं, जो आपको अलग लुक देंगे।





**डिजिटल फ्रेंडशिप बैंड्स:** ये सबसे अलग और इनोवेटिव फ्रेंडशिप बैंड्स हैं, जो आजकल काफी छाए हुए हैं। इस तरह के बैंड्स आप अपने फ्रेंड को दे सकती हैं। ये बैंड्स दिखने में बेहद स्टाइलिश लगते हैं। ये ऐसे बैंड होते हैं, जिसमें एक छोटा क्यू आर कोड प्रिंट या एम्बेडेड किया गया होता है। उस क्यू आर कोड को स्कैन किया जाता है तो वह आपकी ओर से रेडी किया गया कोई मैसेज, फोटो, वीडियो क्लिप, लिंक को खोलता है। ये बैंड्स आमतौर पर सिलिकॉन, लेदर या वाटरप्रूफ फैब्रिक के बने होते हैं। इन पर क्यूआर कोड को आर्ट की तरह डिजाइन किया जाता है। ❁

(एसेसरीज एक्सपर्ट स्मिता महेश्वरी से बातचीत पर आधारित)

जन्म के बाद नवजात शिशु को पर्याप्त पोषण मिले, इसके लिए जरूरी है कि मां की डाइट भी न्यूट्रिशस हो। वर्ल्ड ब्रेस्ट फीडिंग वीक (1-7 अगस्त) के मौके पर आपको दे रहे हैं यूजफुल सजेशंस।

# ब्रेस्ट फीडिंग के दौरान ऐसी हो मां की डाइट

डाइट सजेशन
ललिता गोयल

बच्चे को जन्म देने के बाद हर मां चाहती है कि उसका शिशु हमेशा स्वस्थ रहे। इसके लिए शुरुआत के कुछ महीने मां का दूध सबसे अहम होता है। मां का दूध किसी भी नवजात शिशु की पहली खुराक होता है, जो उसे पोषण देने के अलावा उसकी इम्यूनिटी को मजबूत करता है और उसे बीमारियों से बचाता है। लेकिन क्या आप जानती हैं कि ब्रेस्ट फीडिंग के दौरान मां का खान-पान भी शिशु की सेहत से जुड़ा होता है? मां जैसी डाइट लेगी, शिशु को वैसा ही पोषण मिलेगा। ऐसे में जरूरी है कि स्तनपान कराने वाली मांओं की खुराक ऐसी होनी चाहिए, जो मिल्क सप्लाई को बढ़ाए और मां-बच्चे दोनों की पोषक जरूरतों को पूरा कर सके। आइए जानते हैं लैक्टेटिंग मदर का डाइट प्लान कैसा होना चाहिए?



**इन्हें करें डाइट में शामिल:** ब्रेस्टफीडिंग के दौरान मां को प्रोटीन से भरपूर खुराक लेनी चाहिए। यह मांस-पेशियों को मजबूती प्रदान करता है।

- ब्रेकफास्ट में मूंग दाल, पनीर सैंडविच या ओटमील ले सकती हैं। ओटमील, मिल्क सप्लाई बढ़ाने में मददगार होता है। साथ में एक मुट्ठी भिगोया हुआ मेवा और एक गिलास गुनगुना दूध ले सकती हैं।
- लंच और डिनर में लैक्टेटिंग मदर रागी, ज्वार और गेहूं के आटे से बनी रोटी, हरी सब्जियां जैसे पालक, बथुआ, सरसों का साग, मेथी का साग आदि खा सकती हैं। इससे उन्हें एनर्जी और फाइबर मिलेगा। हरी पत्तेदार सब्जियां आयरन, कैल्शियम, विटामिन सी का अच्छा स्रोत होती हैं। इसके अलावा वे दही और चिया सीड्स भी ले सकती हैं।
- शाम के समय स्तनपान कराने वाली मांएं केला, संतरा, नाशपाती, आड़ू, सेब, खरबूजा, चीकू, आम, एवोकाडो आदि फल खा सकती हैं। ये फल ब्रेस्ट फीडिंग मदर के लिए बहुत सेहतमंद होते हैं।
- स्तनपान कराने वाली मांओं को अपनी डाइट में आयरन रिच फूड्स लेने चाहिए। इसके लिए आयरन के कुछ सामान्य स्रोत जैसे दालें, फलियां, हरी पत्तेदार सब्जियां, तरबूज, अंडा और रेड मीट इत्यादि शामिल किए जा सकते हैं।



**इन बातों का रखें ध्यान:** फीड कराने वाली मांओं को कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

- दिन में तकरीबन तीन बार पोषक आहार लें और नाश्ते को कभी स्किप न करें। इसके अलावा दो से तीन बार हल्की खुराक भी लेनी चाहिए।
- ज्यादा शुगर और फैट वाले आहार को कम मात्रा में लें।
- आलू के चिप्स, चॉकलेट, केक और सॉफ्ट ड्रिंक्स जैसे हाई फैट और शुगर वाली चीजों को ना लें या कम खाएं।
- अल्कोहल और धूम्रपान से बचें।
- स्तनपान के दौरान डाइटिंग करने से बचें।
- दूध और उससे बने प्रोडक्ट्स जैसे दही, पनीर को रोजाना की डाइट में शामिल करें। बादाम, अखरोट, काजू जैसे सूखे मेवे, मौसमी फल और हरी सब्जियां भी जरूर लें।
- शरीर को हाइड्रेट रखें, इसके लिए दिनभर में कम से कम 7-8 गिलास पानी पिएं। साथ ही, नारियल पानी, नीबू पानी जैसे हेल्दी ड्रिंक्स लें।
- इस दौरान ओमेगा-3 युक्त फूड्स जैसे अलसी के बीज या फिश का सेवन भी फायदेमंद रहता है। ❁

(डाइटीशियन शीला सहरावत से बातचीत पर आधारित)

## खबर संक्षेप

### फतेहपुर की सुष्मिता कार्यवाहक सरपंच बनी



**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव फतेहपुर ग्राम पंचायत की सरपंच मोनिका की सरकारी नौकरी लगने के उपरांत गांव में सरपंच का रिक्त पद हो गया था। सरपंच के पद लिए बीडीपीओ के निर्देश पर कार्यवाहक सरपंच का सोमवार को चुनाव हुआ। इस चुनाव में सभी आठ पंचों को बुलाया गया था, जिसमें तीन पंचों ने कार्यवाहक सरपंच बनने के लिए आवेदन किए थे। जिसमें दो पंच सुमन और सीमा को खुद का वोट प्राप्त हुआ। जबकि पंच सुष्मिता पत्नी प्रवीन कुमार के पक्ष में छह पंचों ने अपनी सहमति जताई, जिसके बाद सुष्मिता को फतेहपुर का कार्यवाहक सरपंच चुना गया।



### अधिवक्ताओं ने पारस शर्मा का किया स्वागत

**महेंद्रगढ़।** अधिवक्ताओं ने पारस शर्मा को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अनुसांगिक संगठन सहकार भारती में महेंद्रगढ़ जिला अध्यक्ष बनने पर उनका स्वागत किया और उनकों आगामी भविष्य की शुभकामना दी। इस मौके पर एडवोकेट राजेंद्र शेखावत, राकेश शर्मा, पूर्व प्रधान बंसीलाल यादव, सुजाता शेखावत, पूजा यादव, शशी बाला, सुनीता कुमारी, ज्योति गर्ग, राहुल कौशिक, राजेश कौशिक व अन्य अधिवक्ता पारस शर्मा को यह उपलब्धि हासिल करने पर बधाई दी।

### मुंडियाखेड़ा में बाबा बरखंडी का मेला 6 को

**कनीना।** गांव मुंडियाखेड़ा में आगामी छह अगस्त को बाबा बरखंडी की स्मृति में मेले व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस बारे में प्रधान बंसीलाल ने बताया कि पांच अगस्त रात्रि को जागरण होगा। कुश्ती व कबड्डी के अलावा लड़के व लड़कियों की दौड़ भी करवाई जाएगी। जिसमें विजेता व उपविजेता टीमों को नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। मेले के मुख्यातिथि भाजपा नेता प्रो. रोशन लाल होंगे। अतिथि सुरेश मुनी उपस्थित रहेंगे।

## आईजीयू कुलपति असीम मिगलानी ने विवि के शिक्षकों को सौंपे पदभार

# प्रो. अदिति को निदेशक युवा कल्याण व डॉ. सुशांत को एडीवाईडब्ल्यू की जिम्मेदारी दी

**आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ का निदेशक प्रोफेसर विकास बत्रा को बनाया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी





रेवाड़ी। प्रो. अदिति शर्मा डॉ. सुशांत यादव प्रो. विकास बत्रा

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी ने विश्वविद्यालय के आगामी विकास कार्यों की रूपरेखा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न शिक्षकों को अनेक महत्वपूर्ण पदभार सौंपे हैं। निदेशक युवा कल्याण यानि डीवाईडब्ल्यू का पदभार प्रोफेसर अदिति शर्मा को सौंपा गया है। प्रोफेसर अदिति शर्मा वाणिज्य विभाग एवं होटल मैनेजमेंट विभाग की विभागाध्यक्ष भी है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के डायरेक्टर स्पोर्ट्स का महत्वपूर्ण पदभार भी उनके पास है।

उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता आगामी युवा महोत्सव को नवीन रूप से और अधिक गुणवत्ता मापदंडों के अनुसार आयोजित कराने का रहेगा। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के युवाओं की कला एवं सांस्कृतिक क्षमताओं को निखारने के लिए भी समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। कुलपति ने सहायक निदेशक युवा कल्याण यानि एडीवाईडब्ल्यू का पदभार डा. सुशांत यादव को दिया है, जो विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेते रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रोफेसर अदिति के निर्देशन में विश्वविद्यालय की विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने में अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करेंगे। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ का निदेशक प्रोफेसर विकास बत्रा को बनाया गया है। विश्वविद्यालय की नैक ग्रेडिंग के संबंध में इस प्रकोष्ठ का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान होता है। प्रोफेसर विकास बत्रा विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग, सोशल वर्क विभाग तथा इतिहास विभागों के विभागाध्यक्ष भी हैं। विश्वविद्यालय के शोध एवं विकास प्रकोष्ठ का निदेशक प्रोफेसर पंकज कुमार त्यागी को बनाया गया है,जो विश्वविद्यालय के प्राणी विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष हैं और इसके अतिरिक्त अटल पुस्तकालय के इंचार्ज भी हैं। उन्होंने कहा कि वह शोध एवं विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में अपना सर्वोत्तम प्रयास करेंगे।

### डॉ. मुकेश यादव बने राष्ट्रीय सेवा इकाई के समन्वयक

कुलपति ने विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा इकाई का समन्वयक राजनीतिक विभाग के अध्यक्ष डॉ. मुकेश यादव को बनाया है, जो विश्वविद्यालय की क्रियान्वयन समिति के सदस्य और मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि हमारी राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयां एवं विश्वविद्यालय से संबंधित रेवाड़ी, महेंद्रगढ़ जिले के महाविद्यालयों की इकाइयां विश्वविद्यालय का समय-समय पर नाम रोशन करती रही है। उनका सभी इकाइयों में समन्वय बनाकर इसे ओर गति प्रदान करना और राष्ट्रीय स्तर पर इसकी पहचान बनाना रहेगा। कुलपति ने रसायन विभाग की प्रोफेसर रश्मि पुंडीर को विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कंप्यूटर सेंटर का निदेशक नियुक्त किया है। वह भी इससे पूर्व अनेक पदों पर कार्य कर चुकी हैं। उनके अतिरिक्त कंप्यूटर साइंस विभाग से प्रोफेसर योगिता को एडिशनल डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। सभी शिक्षकों ने इसके लिए कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी और कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह का धन्यवाद किया और अपने-अपने स्तर पर अपना सर्वश्रेष्ठ देते हुए विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास करने के लिए आश्वस्त किया।



रेवाड़ी। निर्वाचन अधिकारी को सूची सौंपते हुए दोनों गुट।

## भगवान महावीर विद्यापीठ चुनाव में मोहित व प्रदीप गुट में सीधा मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

भगवान महावीर विद्यापीठ के त्रिवार्षिक चुनाव के लिए सोमवार को चुनाव चिन्ह आबंटित किए गए। चुनाव में मोहित जैन एवं प्रदीप जैन गुट के बीच सीधा मुकाबला है। मोहित गुट को घड़ी तथा प्रदीप गुट को उगता सूरज चुनाव चिन्ह दिया गया। 24 अगस्त को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। इसके बाद मतगणना करके परिणाम घोषित किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी विवेक जैन तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी नितिन जैन ने बताया कि सोमवार को अंतिम सूची जारी करने के बाद चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिए गए। दोनों गुटों ने अपनी-अपनी सूची निर्वाचन अधिकारी को सौंपी। मोहित जैन गुट को घड़ी तथा प्रदीप जैन गुट को उगता सूरज चुनाव चिन्ह दिया गया। चुनाव में पांच पदाधिकारियों एवं चार सदस्यों के बीच सीधा मुकाबला होगा।

प्रधान पद के लिए मोहित व प्रदीप, उप प्रधान पद के लिए सीमा व विनोद, सचिव पद के लिए अमित व अरूण, सहसचिव/प्रबंधक पद के लिए अंकित व प्रवीण तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए नितिन व सचिन के बीच मुकाबला है, जबकि सदस्य के लिए नामांकन जमा कराने वाले प्रत्याशियों में से चार को चुना जाएगा। इनमें प्रदीप गुट से अनुज, भारत, नितिन व प्रद्युमन तथा मोहित गुट से निपुण, पंकज, रविंद्र व विजय शामिल हैं।



रेवाड़ी। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए एडीसी राहुल मोदी।

## शहर में सीवरेज व नालों से संबंधित समस्याओं का शीघ्र समाधान करें विभाग: एडीसी मोदी

**रेवाड़ी।** एडीसी राहुल मोदी ने सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने विभागों के अधिकारियों को शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय समाधान शिविर में आई शिकायतों में अधिकांश का मौके पर ही निदान किया गया। एडीसी ने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है। शिविर में सरस्वती विहार में सीवरेज की समस्या पर एडीसी ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। एडीसी ने कहा कि शहर में सीवरेज व नालों की निगरानी रखते हुए तत्काल समाधान किया जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। एडीसी ने मौके पर ही रमेश कुमार की बुढ़ापा पेंशन भी बनवाई। इसके अलावा समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, और अन्य सरकारी योजनाओं तथा पुलिस विभाग के अलावा बिजली, पानी, सीवरेज व अवैध कब्जों से संबंधित शिकायतों पर अधिकारियों को तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सीटीएम जितेन्द्र कुमार, डीएसपी जोगेन्द्र सिंह, डीडीपीओ नरेन्द्र सारवान व डीआरओ प्रदीप देशवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# 41 केंद्रों पर 24 हजार 618 परीक्षार्थी देंगे एचटेट परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। एचटेट परीक्षा की तैयारियों को लेकर बैठक लेते डीसी अभिषेक मीणा।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से 30 जुलाई और 31 जुलाई को हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा यानि एचटेट परीक्षा के आयोजन की तैयारियों को लेकर डीसी अभिषेक मीणा ने अधिकारियों के साथ बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि परीक्षा के लिए जिले में 41 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा को नकल रहित व सुव्यवस्थित संचालन कराना सेंटर सुपरटेंडेंट की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जिस तरह जिले में सीईटी की परीक्षा को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया है, उसी प्रकार एचटेट परीक्षा को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष रूप से कराया जाए। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई हैं, वे हरियाणा बोर्ड द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुरूप सभी व्यापक व्यवस्थाएं करें। 24 हजार 618 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा जिले में स्थापित किए गए 41 परीक्षा केंद्रों पर दो दिनों के तीन सत्रों के दौरान कुल 24 हजार 618 अभ्यार्थियों के लिए एचटेट परीक्षा देंगे। पहले दिन 30 जुलाई को पीजीटी की सांय के सत्र में परीक्षा होगी और इसके लिए कुल 7 हजार 444 अभ्यार्थी परीक्षा देंगे। 31 जुलाई को सुबह के सत्र टीजीटी की परीक्षा में 12 हजार 296 और शाम के सत्र में पीआरटी की परीक्षा में 4 हजार 878 अभ्यार्थी परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि लेवल-3 पीजीटी की परीक्षा 30 जुलाई को शाम 3 बजे से 5:30 बजे तक संचालित होगी। लेवल-2 टीजीटी की परीक्षा 31 जुलाई को प्रातः 10 बजे से 12:30 बजे तक संचालित होगी। इसी दिन यानि 31 जुलाई शाम 3 बजे से 5:30 बजे तक लेवल-1 पीआरटी की परीक्षा होगी। डीसी मीणा ने सभी परीक्षार्थियों से आह्वान किया है कि वे समय से पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचे ताकि मेटल डिटेक्टर से तलाशी, बायोमेट्रिक डेटा कैप्चरिंग और अन्य औपचारिकताएं समय से पहले पूरी हो सके। परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले प्रवेश बंद कर दिया जाएगा।

ओएमआर शीट पर उत्तर देने के लिए केवल काले बॉल पॉइंट पेन का प्रयोग करें। परीक्षार्थी रंगीन प्रवेश पत्र, काला बॉल पॉइंट पेन, पंजीकरण के समय अपलोड की गई रंगीन फोटो को प्रवेश पत्र में राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित कराना अनिवार्य है। रंगीन प्रवेश पत्र के बिना अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र के अंदर किसी भी प्रकार का आभूषण जैसे अंगूठी, झुमके, चेन/हार, पेंडेंट, बैज और ब्रोच आदि, कोई भी धातु की वस्तु, कैमरा, घड़ी, कैलकुलेटर, मोबाइल फोन, पेजर, ब्लूटूथ, कार फोन, पर्स, लॉग टेबल, हेल्थ बैंड, बिल्ट-इन कैलकुलेटर सहित या बिना इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, ज्यामिति/प्लास्टिक पाउच और खाली या मुद्रित कागज, लिखित चिट आदि वस्तुएं ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

### मंगलसूत्र, बिंदी और सिंदूर की अनुमति

महिला उम्मीदवार मंगलसूत्र, बिंदी और सिंदूर लगा सकती हैं, सिख उम्मीदवारों को धार्मिक प्रतीक पहनने की अनुमति होगी। बैठक में एसपी हेमेंद्र मीणा, डीएसपी रविंद्र कुमार, हरियाणा शिक्षा बोर्ड से अधीक्षक जोगेंद्र सिंह व सहायक मनीष कुमार सहित सभी सेंटर सुपरिटेंडेंट मौजूद थे।

## सुरेन्द्र वशिष्ठ निर्विरोध चुने गए पंजाबी मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान

- एसोसिएशन के सभी सदस्यों की आपसी सहमति से वशिष्ठ को निर्विरोध चुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। नव नियुक्त प्रधान सुरेन्द्र वशिष्ठ एसोसिएशन के सदस्यों के साथ।

पंजाबी मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के हाल ही में हुए संगठनात्मक पुनर्गठन में सर्वसम्मति से सुरेंद्र वशिष्ठ को एसोसिएशन का नया प्रधान चुना गया है। एसोसिएशन के सभी सदस्यों की आपसी सहमति से वशिष्ठ को निर्विरोध चुनकर प्रधान पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सुरेंद्र वशिष्ठ इससे पहले भी एसोसिएशन में बतौर सचिव सक्रिय रूप से कार्य कर चुके हैं और संगठन के विकास, व्यापारी हितों की रक्षा तथा सामाजिक सहभागिता के सफल प्रयासों के लिए जाने जाते हैं। बैठक में सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने वशिष्ठ को बधाई देते हुए उनके नेतृत्व में संगठन को और अधिक सशक्त व सक्रिय बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर नवनियुक्त प्रधान सुरेन्द्र वशिष्ठ ने कहा कि अनुभव और पूर्ण समर्पण के साथ सभी व्यापारियों के हितों की रक्षा और बाजार के विकास के लिए कार्य किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व प्रधान विनोद अरोड़ा, पूर्व उप प्रधान लव खरबंदा, पूर्व ज्वाइंट सेक्रेटरी रवि कुकरेजा, पूर्व कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार, रमन मनोचा, दिनेश प्रजापत, लोकेश मेहंदीरत्ता, विजय अरोड़ा, राजीव आहूजा, हरीश सक्सेना व दलीप कालड़ा सहित अनेक व्यापारी मौजूद थे।



महेंद्रगढ़। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### बचपन प्ले स्कूल में किया मानसून-डे सेलिब्रेशन

**महेंद्रगढ़।** बचपन प्ले स्कूल में मानसून-डे सेलिब्रेशन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एलकेजी और नर्सरी कक्षा के बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता भी करवाई गई, जिसमें लगभग 150 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के सभी मेधावी बच्चों को विद्यालय की ओर से प्रशस्ति पत्र और उपहार आदि देकर सम्मानित किया गया। चेयरमैन रमेश सैनी एवं चेयरपर्सन निशा सैनी ने बताया कि विद्यालय में आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता विशेषकर छोटे बच्चों के लिए होती है। निर्णायक मंडल के अनुसार फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर देवयानी, मिशिका, आर्निक द्वितीय स्थान पर कावीं, अमायरा, जिज्ञासा, भूमि एवं तृतीय स्थान पर पावनी, योहानवीर, कवि रहे। मौके पर प्राचार्या ज्योति शर्मा, बचपन हेड रूपाली अरोड़ा, उप प्राचार्या मोनिका दीवान, प्रवक्ता अमरसिंह सोनी, पूनम गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

## कबड्डी में आरके अलवर प्रथम मिले 31 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली



मंडी अटेली। कुश्ती दंगल में पहलवानों के हाथ मिलाते मेला कमेटी सदस्य।

अटेली क्षेत्र से सटे गांव डूमरोली में ठाकुर वाले जोहड़ पर गांव की ओर से मेला व कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। मेले में बाबा का जागरण व भंडारा भी हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि मोहित यादव रहे। कबड्डी में प्रथम रहने वाली आरके अलवर को 31 हजार तथा कामड़े की 21 हजार रुपये की कुश्ती में महराण के पहलवान टिंकू व मोहित छितरौली के बीच बराबरी पर छूटी। मेले में हरियाणा, राजस्थान के विभिन्न जिले से खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। मेले में रेफरी के रूप में नानक सिंह ने निर्णय दिये। मेला कमेटी के प्रधान रोशनलाल रामदेव ने बताया कि कबड्डी में दूसरे स्थान पर संदीप नरवाल रही, जिसे 21 हजार व तीसरे स्थान पर रहने वाली अलवर-2 को 11 हजार रुपये का पुरस्कार मेला कमेटी द्वारा प्रदान किया गया। मेले में 11 हजार रुपये दो कुश्तियां हुई, जिसमें डूमरोली के पहलवान ने गौरव मानेसर को हराया, जिसको दर्शकों ने खूब सरहाया। वहीं दूसरी 11 हजार रुपये की कुश्ती में गोलू ने संदीप को हराया। गायक कलाकार मुकेश फौजी मिस गरिमा आदि ने अपनी प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध व भाव विभोर कर दिया। मेले में 60 वर्ष के बुजुर्ग की दौड़, लंबी, ऊंची कूद के विजेताओं को भी इनाम दी गई। इस मौके पर नरेश शर्मा, सरपंच सुनील, राजकुमार, सहित अनेक गणमान्य लोग व पहलवान मौजूद रहे।

## एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने अपने स्टाफ की सराहना की, बोले, बेहतरीन काम किया

# सीईटी के सफल आयोजन में पुलिसकर्मियों की भूमिका सराहनीय

- हर स्तर पर पुलिसकर्मियों ने अभ्यर्थियों की सहायता करने में कोई कसर नहीं छोड़ी : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने 27 जुलाई तक हुए दो दिवसीय कॉमन एलिजिलिलिटी टेस्ट के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर अधीनस्थ पुलिसकर्मियों के प्रबंधों की सराहना की है। साथ ही उन्होंने इस परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में आमजन के सहयोग की भी खुलकर सराहना की है। सोमवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि इस टेस्ट में दो दिन के दौरान 70 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने जिले के लगभग 70 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा दी। ऐसा पहली बार हुआ है, जब परीक्षार्थियों को बिना किसी कठिनाई के परीक्षा देने की पुख्ता व्यवस्था हुई। व्यवस्था को बनाने के लिए पुलिसकर्मियों ने कड़ी मेहनत की, तो तरीफ के काबिल है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग की ओर से कई ऐसे अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों पर वाहनों से पहुंचाया गया, जिनके समय पर पहुंचने पर संदेह बन गया था। हर स्तर पर पुलिसकर्मियों ने अभ्यर्थियों की सहायता करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि आमजन ने भी परीक्षा देने के लिए बाहर आए परीक्षार्थियों की मदद में कोई कमी नहीं आने दी। उनके साथ आने वाले अभिभावकों तक के जलपान की व्यवस्था आम लोगों ने की।

### देरी से पहुंचने वालों को भी छूट



रेवाड़ी। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा।

एसपी ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर एंट्री कराने के लिए पुलिस तैनात की गई थी। पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए गए थे कि पांच-सात मिनट देरी से आने वाले परीक्षार्थियों को भी सेंटर में एंट्री करने दिया जाए। अगर कोई परीक्षार्थी दूर से आने के कारण थोड़ा देरी से पहुंचता है, तो इसके कारण उसके साल-दो साल खराब नहीं हों। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों ने इस परीक्षा में जिस तरह से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया है, वह पूरी तरह से सराहना के योग्य है। अब एचटेट और पुलिस विभाग की बी-1 परीक्षाओं का आयोजन भी इसी तरह से कराया जाएगा। इस मौके पर डीएसपी डा. रविंद्र कुमार भी उनके साथ मौजूद थे।

### सीईटी में रोड़वेज कर्मचारियों, आरटीए व निजी संस्थानों का सहयोग प्रशंसनीय: जीएम



जीएम रोडवेज प्रदीप कुमार

**रेवाड़ी।** हरियाणा राज्य परिवहन विभाग के रेवाड़ी डिपो के महाप्रबंधक प्रदीप कुमार ने सीईटी परीक्षा के दौरान सुचारू बस सेवा मुहैया कराने के लिए रोडवेज के सभी कर्मचारियों, आरटीए ऑफिस तथा निजी शिक्षण संस्थानों का आभार जताया है। जीएम रोडवेज प्रदीप कुमार ने आज कहा कि 26 व 27 जुलाई को आयोजित की गई सीईटी परीक्षा के दौरान सरकार के आदेशानुसार सभी अभ्यर्थियों को सेंटर तक पहुंचाने और उन्हें वापस घर पहुंचाने के लिए बसें उपलब्ध कराई गई थी। जिले के अभ्यर्थी गुरुग्राम व झज्जर यह परीक्षा देने गए थे। उनके लिए सात पिक-अप प्वाइंट बनाकर सुबह चार बजे व नौ बजे दो पारियों में बस सेवा को शुरू किया गया। इसी प्रकार नारनौल व महेंद्रगढ़ से परीक्षार्थी रेवाड़ी जिले में पेपर देने आए हुए थे। इन सभी को सेंटर तक लाने-ले जाने के लिए शटल बस सर्विस उपलब्ध कराई गई थी। जीएम ने कहा कि किसी अभ्यर्थी को बस सेवा के मामले में शिकायत नहीं थी। सभी ने सरकार की इस फ्री सेवा की सराहना की, जिसके फलस्वरूप इस बार सीईटी में उपस्थिति 95 प्रतिशत तक दर्ज की गई। उन्होंने सभी रोडवेज कर्मचारियों, आरटीए ऑफिस व निजी शिक्षण संस्थानों की इस सेवा में सहयोग देने के लिए प्रशंसा की व उनका आभार प्रकट किया।

## हकेंवि में इंटर डिसिप्लिनरी लाइफ साइंसेज पर क्रेंद्रित रिफ्रेशर कोर्स संपन्न



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (यूजीसी-एमएमटीटीपी) के अंतर्गत इंटरडिसिप्लिनरी लाइफ साइंसेज विषय पर क्रेंद्रित रिफ्रेशर कोर्स का समापन हो गया। आनलाइन माध्यम से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश के 17 राज्यों के विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों से 101 प्रतिभागी शिक्षकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के अंतर्गत सरकार द्वारा आरंभ की गई पहलों, बहुविषयी अध्ययन, नवाचार व उद्यमिता को बढ़ावा देने एवं अंतरविषयक अध्ययन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। आयोजन के आयोजन समापन सत्र समारोह में विश्वविद्यालय के समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रो. पवन कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में जीवन विज्ञान में अंतरविषयक दृष्टिकोण की महत्ता और उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसंधान नैतिकता की भूमिका पर बल दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को भारत को ज्ञान महाशक्ति बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण और नवाचार आधारित अनुसंधान करने का आह्वान किया। कार्यक्रम समन्वयक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए सभी विशेषज्ञों का आभार प्रकट किया और प्रतिभागियों से फीडबैक प्राप्त किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अनीता कुमारी ने कार्यक्रम के आयोजन में सक्रिय भागीदारी की।

## सीआईए ने किया गिरोह का भंडाफोड़

# ननद-भाभी का हथियारों के बल पर यौन शोषण, लाखों रुपये के जेवरात की लूट

- गिरोह के दो सदस्यों को सीआईए ने किया गिरफ्तार
- पूछताछ में कई वारदातों का खुलासा होने की उम्मीद
- अंतर्राज्यीय गिरोह के सरगना है दोनों आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

अप्रैल माह में सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में सशस्त्र बदमाशों ने घर पर मौजूद ननद-भाभी का यौन शोषण करने, उनका अश्लील वीडियो बनाने और घर से लाखों रुपये के जेवरात की लूट के मामले में सीआईए ने बड़े गिरोह का भंडाफोड़ करने में सफलता हासिल की है। गिरोह के दो सदस्यों को सीआईए ने गिरफ्तार किया है, जिनसे पूछताछ में कई बड़ी वारदातों का खुलासा होने की उम्मीद जताई जा रही है। दोनों आरोपी अंतर्राज्जयीय गिरोह के सरगना हैं, जो राजस्थान में भी रेप व लूट की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं।

सदर थाना पुलिस को गत 4 अप्रैल को दर्ज शिकायत में एक महिला ने बताया था कि 3 अप्रैल की रात वह और उसकी ननद छत के कमरे में सोए में हुए थे। यह लोग रात को करीब 1 बजे 7-8 आदमी उनके कमरे में घुस गए। उनके हाथों में चाकू, पिस्टल व धारदार हथियार थे। इन लोगों ने हथियार दिखाते हुए धमकी दी कि अगर शोर मचाया तो वह उन दोनों को खत्म कर देंगे। सशस्त्र बदमाशों ने महिला से सवार किया कि तुम्हारी मम्मी कहां है, तो उसने बताया कि सास नानी के घर गई हुई, जबकि ससुर चंडीगढ़ गए हुए हैं। एक बदमाश ने उसकी कनपटी पर पिस्टल लगाकर कहा कि तुम्हारे घर में जो भी नकदी व जेवरात और अन्य कीमती सामान है, वह उनके हवाले कर दें। दोनों के मोबाइल फोन भी इन लोगों ने छीन लिए। महिला ने आरोप लगाया कि बदमाशों ने हथियारों के बल पर उसके व उसकी ननद के कपड़े उतरवा दिए। दोनों का यौन शोषण किया गया। इसी दौरान मोबाइल से उनकी अश्लील वीडियो भी बनाई। उनके साथ जमकर आपत्तिजनक हरकतें की।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जानकारी देते डीएसपी। फोटो : हरिभूमि

### कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर

डीएसपी डा. रविंद्र कुमार ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि सीआईए प्रभारी सुमेर सिंह की टीम ने इस चर्चित लूट व यौन शोषण कांड का भंडाफोड़ करते हुए महेंद्रगढ़ के गागड़वास निवासी संजू व राजस्थान के चूरू जिले के किरतान निवासी रामबाबू को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार लूट की वारदातों को अंजाम देने वाला यह बड़ा गिरोह है, जिसके अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है। दोनों आरोपी फरीदाबाद के छायंसा और राजस्थान के राजगढ़ में भी महिलाओं से रेप व लूट की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं।

### लाखों रुपये के जेवरात ले गए बदमाश

महिला ने पुलिस शिकायत में बताया था कि बदमाशों ने उनसे जेवरात के बारे में पूछा तो उन्होंने संदूक व अलमारी में गहने होने के बारे में बता दिया, लेकिन उन्होंने इनकी चाबी होने से मना कर दिया। बदमाशों ने संदूक और अलमारी के ताले तोड़कर दो सोने की हार, कानों के सोने के बाले, एक तोले का सोने का लोकेट, एक छोटे बच्चे के सोने के चांद सूरज, चांदी की 4 जोड़ी पायजेब लगभग 500 ग्राम की, 7 जोड़ी कड़ूले चांदी के व एक 10 तोले की चांदी की हसली, 18 तोले की चांदी की पायल व अन्य कीमती सामान ले गए।

### सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर तोड़ी

महिला ने आरोप लगाया था कि बदमाशों ने गहने लूटने के बाद घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी तोड़ दी। साथ ही धमकी दी कि घटना के बारे में किसी को बताया तो उनकी वीडियो वायरल कर दी जाएगी। इसके बाद बदमाश वहां से भाग गए। महिला व उसकी ननद ने पहले परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद सदर थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। पहले पुलिस इस मामले को संदिग्ध मानकर चल रही थी, लेकिन सीआईए ने इस मामले में दो आरोपियों को काबू कर लिया है।

### साइंटिफिक तरीके से की गई जांच

शुरू में मामला संदिग्ध नजर आ रहा था। साइंटिफिक तरीके से सीआईए ने जांच शुरू की, तो सीसीटीवी फुटेज मिल गए थे, जिसके आधार पर मामला सही पाया गया था। सीआईए ने अब दो आरोपियों को काबू कर लिया है। उनके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। -हेमेंद्र कुमार मीणा, एसपी।



रेवाड़ी। रंगोली व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता की छात्राएं शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

# रंगोली में निकिता-शिवानी और मेंहदी में वंदना बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसली

- तीज महोत्सव हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है
- छात्राओं को ऐसे आयोजनों में बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए

कृष्ण नगर गांव स्थित रीजनल सेंटर में सोमवार को एनएसएस व कल्चरल विभाग की ओर से तीज महोत्सव के अवसर पर रंगोली, पोस्टर और मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रंगोली प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम सेमेस्टर से निकिता व शिवानी प्रथम और बीए पंचम सेमेस्टर से स्वाति व वंदना द्वितीय रही। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीकॉम आनर्स प्रथम सेमेस्टर से तमन्या प्रथम और बीए प्रथम सेमेस्टर से तनिशा द्वितीय रहीं।

मेंहदी प्रतियोगिता में बीए पंचम सेमेस्टर से वंदना प्रथम और बीए प्रथम सेमेस्टर से मुस्कान द्वितीय स्थान पर रही। कार्यक्रम का आयोजन कल्चरल विभाग से डा. प्रवेश कुमारी और डा. अंजलि यादव तथा एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी अंजलि पांचाल के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर निदेशक डा. यशपाल शर्मा ने कहा कि तीज महोत्सव हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। छात्राओं को ऐसे आयोजनों में बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए। डा. अनिल कुमार ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से छात्राओं को अपनी प्रतिभा और कौशल को प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है।

# महिला मंडल के पर्यावरण व लोक संस्कृति को समर्पित तीज महोत्सव की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

सेक्टर-1 के महिला मंडल के तत्वावधान में हवन पार्क में तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली के मुख्यातिथ्य में आयोजित समारोह में पूर्व जिला पार्षद नीतू चौधरी विशिष्ट अतिथि रहीं। हरियाली तीज पर ग्रीन थीम केंद्रित महोत्सव पर्यावरण तथा हरियाणवी लोक संस्कृति को समर्पित रहा, जिसमें बिरवे बोना, लोक संगीत, लोकगीत, लोक नृत्य, फन गेम्स, लकी ड्रा व झूले मुख्य आकर्षण रहे। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि सेक्टर को साफ-सुथरा, पारिवारिक तथा हरा-भरा बनाने के लिए मिलजुल कर कार्य करेंगे।

रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान रविंद्र यादव ने सेक्टर के महिला मंडल के लोक परंपराओं पर आधारित संस्कारिक कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों तथा आयोजन समिति का संयोजन के लिए आभार जताया।



रेवाड़ी। फन गेम्स में भाग लेते हुए महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

## साध-संगत ने मनाया बाबा सावन सिंह महाराज का प्रकाश पर्व

रेवाड़ी। सावन कृपाल रूहानी मिशन आश्रम में सोमवार को साध-संगत ने बाबा सावन सिंह महाराज का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया। इस मौके पर उपदेशक पुष्पा दुआ ने हुजूर के जीवन परिचय एवं शिक्षाओं अध्यात्म और आत्म-परमात्म साक्षात्कार के बारे में बताया। इस अवसर पर बाल सत्संग के बच्चों ने आध्यात्मिक सांस्कृतिक प्रेयर, नाट्य झलकियां व कव्वाली प्रस्तुत की। सभी बच्चों को उपहार भेंट किए गए। इस दौरान अभय सिंह चौक के पास प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर प्रधान कृष्ण गोपाल यादव, कांशीराम यादव, सुभद्रा यादव, पुरुषोत्तम शर्मा, मामन सिंह सैनी, लाल सिंह सरपंच फिदेड़ी, कुलवंत यादव, साहिल, नरेश, सुदर्शन, मोहित, आकाश सैनी, रमेश सैनी, गौरव सैनी, शालिनी सैनी व निर्मल यादव सहित बाल सत्संग की कोआर्डिनेटर व टीचर्स उपस्थित थे।

# महिला वर्ग में डॉन बॉस्को व पुरुष वर्ग में बिठवाना की टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

रेवाड़ी बास्केटबॉल संघ की ओर से गांव संगवाड़ी में जिला स्तरीय जूनियर बास्केटबाल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक लक्ष्मण सिंह यादव के पुत्र निशांत यादव ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया तथा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर राम सिंह छावड़ी सरपंच संगवाड़ी, रामरतन पंच, रामकरण पंच, रामफल ठेकेदार, सूबेदार जगमाल, सूबेदार ज्ञानचंद, तुलाराम, धर्मेंद्र, बीसराम प्रधान, महिपाल एवं जयपाल भी मौजूद थे। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया, जिनमें छह टीमें महिला वर्ग और नौ टीमें पुरुष वर्ग की थीं। महिला वर्ग में डॉन बॉस्को स्कूल की टीम विजेता, भूड़ला की टीम उपविजेता और संगवाड़ी की टीम तीसरे स्थान पर रही। पुरुष वर्ग में बिठवाना की टीम विजेता, संगवाड़ी की टीम उपविजेता और आरपीएस स्कूल की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के समापन पर सतबीर डिप्टी डायरेक्टर स्पोर्ट्स, प्रवीण सिंह और श्याम पत ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।



रेवाड़ी। विजेता खिलाड़ी अतिथियों के साथ। फोटो : हरिभूमि

## कोसली में बिजली वितरण निगम का खुला दरबार आज

कोसली। कोसली लघु सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित बिजली वितरण निगम के डिवीजन कार्यालय में 29 जुलाई को सुबह 11 बजे से एक बजे तक खुले दरबार का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कार्यकारी अभियंता अनीश कुमार उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनेंगे। कार्यकारी अभियंता ने बताया कि उपभोक्ता अपनी शिकायत को सत्यापित किए गए फार्म में लेकर आएं, जिससे कि उस पर प्रभावी कार्रवाई की जा सकें। खुले दरबार में गलत मीटर रीडिंग, बिजली कनेक्शन, बिजली के पोल या हाई वोल्टेज तारें हटाए जाने, बिल अधिक आने आदि की शिकायत दी जा सकती है। जिन उपभोक्ताओं का मामला कोर्ट में विचाराधीन है, उनकी सुनवाई नहीं की जाएगी। उसका फैसला कोर्ट में ही होगा।

## ज्ञानदीप स्कूल के छात्रों ने एथलेटिक्स में मारी बाजी

बावल। ज्ञानदीप स्कूल मोहनपुर के छात्रों ने बावल में आयोजित ब्लॉक स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। कोच अनिल के मार्गदर्शन में छात्रों ने विभिन्न वर्गों में भाग लिया और प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किए। अंडर-14 आयु वर्ग में रिया, दीक्षा और जिया ने दौड़, लॉन्ग जंप व शॉट पुट में पदक जीते। अंडर-17 आयु वर्ग में पलक और मुस्कान ने हाई जंप, लॉन्ग जंप, शॉट पुट और डिस्कस थ्रो में बेहतरीन प्रदर्शन किया। अंडार-19 आयु वर्ग में मुस्कान ने 100 मीटर दौड़ और लॉन्ग जंप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या सुनीता कुमारी ने सभी विजेताओं और कोच अनिल को बधाई दी।



रेवाड़ी। विजेता विद्यार्थी शिक्षकों के साथ।

# ग्रामीणों का धरना जारी, गांवों में कैंडल मार्च जन जागरण अभियान शुरू

- एकजुट होकर रामगढ़ भगवानपुर में 200 बेड का अस्पताल बनाने के लिए धरने को समर्थन दिया
- सोमवार को धरने की अध्यक्षता राव लाल सिंह ने की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

अस्पताल बनाओ संघर्ष कमेटी रामगढ़ भगवानपुर का धरना 42 दिन से लगातार चल रहा है। समिति की ओर से सरकारी अस्पताल की मांग को लेकर शुरू किए गए कैंडल मार्च जन जागरण अभियान के दौरान गांवों से समर्थन मिल रहा है। सोमवार को धरने की अध्यक्षता राव लाल सिंह ने की। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि अनिल कुमार ने कहा भगवानपुर की जमीन अस्पताल के लिए सबसे उपयुक्त जमीन है, जब तक मांग को माना जाएगा, तब तक ग्रामीणों का धरना जारी रहेगा। समिति की ओर से गांव बुड़ाना में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। ग्राम वासियों ने कैंडल मार्च निकालकर लोगों को जागरूक करने का प्रण लिया व एकजुट होकर रामगढ़ भगवानपुर में 200 बेड का अस्पताल बनाने के लिए धरने को समर्थन दिया। धरने पर शेरसिंह मीरपुर, महिपाल फदनी, अनिल सरपंच गोकलपुर, एडवोकेट सुधीर कुमार मीरपुर, अभय सिंह फिदेड़ी, सुदन लाल एक्स सरपंच फिदेड़ी, सतीश सरपंच बुडानी, एक्स सरपंच खजान सिंह बुड़ानी, रामकुमार बुड़ानी, मोहर सिंह बुड़ानी, रामकुमार, राज सिंह, लखपत भगवानपुर, इंद्रजीत नंबरदार रामगढ़, हरिओम मिस्त्री, राजबीर, वीरेंद्र सिंह फौजी, शोभाराम, कृष्णा देवी भगवानपुर सरपंच, आशा भगवानपुर, सुनीता भगवानपुर, राजेश भगवानपुर, मोनिका, विमला, रमेश, संतोष, उर्मिला, अनीता, शकुंतला, निर्मला, रामगिरी, वीरमति, गीता व कविता देवी सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।




रेवाड़ी। अस्पताल की मांग को लेकर कैंडल मार्च निकालते हुए ग्रामीण।

# विद्यार्थियों ने कविताओं के माध्यम से व्यक्त किए अपने विचार

- प्रतियोगिता में कक्षा छठी से बारहवीं तक के करीब 200 बच्चों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

श्री कृष्ण सीनियर सैकेंडरी स्कूल हांसाका में कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा छठी से बारहवीं तक के करीब 200 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने शिक्षा, धर्म, राजनीति, प्रकृति, नेता, अभिनेता, पर्यावरण व स्वास्थ्य के विषयों पर कविताएं सुनाई। बच्चों ने हिंदी हमारी आन, मैं पेड़ हूं मुझे मत काटो, वो तो आजादी के दीवाने थे, मैं पैसा हूं व धर्म जाति से ऊपर मानवता ही नारा है जैसी कविताएं सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर किया। इस अवसर पर स्कूल संचालक सुरेश कुमार ने भी कविता के माध्यम से अपने भाव व्यक्त किए। उन्होंने गुनगुनाएं नन्हें मुन्ने, हमने मेहनत के फूल खिलाएं हैं, भंवरों से हमें क्या लेना हम तो माली बनकर आए हैं कविता के माध्यम से बच्चों को पढ़ाई के साथ अपने कर्तव्य का पाठ पढ़ाया। इस अवसर पर समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में कविता सुनाते हुए छात्र। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

**उद्घाटन** केएलपी कॉलेज प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया तीज महोत्सव, महिला सांस्कृतिक केंद्रों व सांझा बाजार का उद्घाटन

# शहरी निकाय में स्वयं सहायता समूह को सात करोड़ तक के टेंडर अलॉट होंगे: विपुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

हरियाणा सरकार और जिला प्रशासन के तत्वावधान में सोमवार को केएलपी कॉलेज ऑडिटोरियम में तीज महोत्सव का शानदार आयोजन किया गया। प्रदेश के शहरी स्थानीय निकाय एवं राजस्व मंत्री विपुल गोयल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सान्निध्य में अंबाला में आयोजित हुए प्रदेश स्तरीय तीज महोत्सव कार्यक्रम का भी केएलपी सभागार में सीधा प्रसारण दिखाया गया। जिलास्तरीय कार्यक्रम में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार व भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली सहित डीसी अभिषेक मीणा व एडीसी राहुल मोदी सहित अनेक गणमान्य नागरिक तथा स्वयं सहायता समूहों की महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं। राजस्व मंत्री विपुल गोयल ने सभागार में गांव पावटी, पीथरड़ावास, बवाना गुर्जर, धामलावास, कुंडल, जाहिदपुर, मालाहेड़ा, नारायणपुर, गोकलगढ़ व बुड़ानी के महिला सांस्कृतिक केंद्रों व सांझा बाजार का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। आज मनाया जा रहा हरियाली तीज महोत्सव भी इसी कड़ी का एक पड़ाव है। प्रदेश की महिलाओं को सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ उन्हें स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ाना इस उत्सव को मनाए जाने का प्रमुख लक्ष्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत की थी, जिसके परिणामस्वरूप आज राज्य के लिंगानुपात में काफी सुधार हुआ है।





रेवाड़ी। स्वयं सहायता समूह को सम्मानित करते मंत्री विपुल गोयल तथा कार्यक्रम में डांस की प्रस्तुति देती महिलाएं।

### 70 हजार पहुंची स्वयं सहायता समूह की संख्या

शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल ने बताया कि महिला स्वयं सहायता समूह की संख्या पिछले 11 सालों में 70 हजार तक पहुंच गई है। इन स्वयं सहायता समूहों को बैंक लोन देकर आर्थिक रूप से सशक्त किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से आज तक 43 करोड़ से अधिक लोन दिए गए हैं, जिनमें से करीब 70 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं। महिलाएं इस योजना का लाभ लेकर टेलरिंग यूनिट्स, ब्यूटी पार्लर, मोबाइल रिपेयरिंग सेंटर से लेकर पैकेजिंग और फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स का सफलतापूर्वक संचालन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी योजना मिशन के तहत हर सेल्फ हेल्प ग्रुप की कम से कम एक महिला को एक लाख सालाना की आय अर्जित करने योग्य बनाया जा रहा है। इसी प्रकार उनके विभाग स्थानीय निकाय में अब सात करोड़ की राशि तक के ठेके स्वयं सहायता समूह को दिए जाने का निर्णय लिया गया है, जिससे शहरी क्षेत्र में चलाए जा रहे स्वयं सहायता समूहों की आमदनी में इजाफा होगा। इस अवसर पर मंत्री विपुल गोयल ने जिला के तीन सर्वश्रेष्ठ सेल्फ हेल्प ग्रुप शिव स्वयं सहायता समूह को एक लाख, बाबा रूपदास स्वयं सहायता समूह को 50 हजार व प्रजापित स्वयं सहायता समूह को 25 हजार की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। दो स्वयं सहायता समूह को 68 लाख व 6 करोड़ 89 लाख की आर्थिक सहायता के चेक भेंट किए गए। तीज महोत्सव में राजस्व मंत्री ने स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।